9 ऐ की मात्रा (ै)

थैला

मैना

पैसा



बैल

समझिए और पढ़िए। Understanding and Reading Skills

ै —

ै ।

ै । —

पैर	बैर	तैर	सैर
मैदा	पैदा	नैना	मैना
तैराक	मैदान	हैरान	शैतान

बोलिए और अंतर समझिए। Understanding and Speaking Skills

फेल	फैल	थल	थैला	विष	विषैला
बेल	बैल	सेर	सैर	कस	कसैला

अध्यापन संकेत : बच्चों को बताइए कि 'ऐ' की दोनों मात्रा एक ही खड़ी पाई पर लगाई जाती हैं। जैसे–पैर (×) पैर (✓) मेना (×) मैना (✓)।

Scanned with CamScanner

नैनीताल की सैर

नैना, शैलजा, कैलाश और वैभव नैनीताल गए।
नैनीताल बहुत खूबसूरत शहर है।
वे कैमरा भी ले गए।
वैभव ने नैनीताल के चित्र लिए।
चित्र देखकर सभी हैरान हुए।
एक दिन वे झील के किनारे सैर करने गए।
वे नैया में भी बैठे।
नैना ने कहा–"भैया, कितना मज़ा आ रहा है!"
अचानक वैभव का पैर फिसल गया।
वह झील में गिर पड़ा।
कैलाश एक बढ़िया तैराक था।
वह तैरकर गया और वैभव
के साथ वापस आ गया।



अध्यापन संकेत : बच्चों को 'में' पढ़ने में सहायता कीजिए।

Scanned with CamScanner

आइए अभ्यास करें।

Comprehension Skills

1. सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए।

(क) वैभव ने कहाँ के चित्र लिए?

◯ नैनीताल के ◯ सैर के

(ख) किसका पैर फिसल गया?

◯ कैलाश का ◯ वैभव का

(ग) कौन बढ़िया तैराक था?

◯ नैना ◯ कैलाश

2. नीचे दिए शब्दों में से ऐ (ै) की मात्रावाले शब्द ढूँढ़कर नीचे लिखिए।

मैदान सपेरा हैदराबाद बेला गवैया
अपने पैदल सपने शैतान

मैदान ______ ______ ______

______ ______

3. वर्णों को सही क्रम में लगाकर चित्रों के नाम लिखिए।

नि क सै

सैनिक

ला थै

______

ना मै

______

Scanned with CamScanner

आइए बातचीत करें।

Life Skills

1. अगर आपके आस-पास या सामने कोई व्यक्ति झील में गिर जाए तो आप क्या करेंगे –

   (क) किसी बड़े को बुलाएँगे। (ख) स्वयं झील में कूद जाएँगे।

   (ग) देखकर आगे चले जाएँगे।

2. हमें झील में कूड़ा-करकट क्यों नहीं डालना चाहिए?

आइए कुछ करें।

Creative Skills

रेखाओं को जोड़कर चित्र पूरा कीजिए और उसमें रंगीन कागज़ के टुकड़े फाड़कर चिपकाइए।



Scanned with CamScanner